# सायबर अपराधियों ने महिला से ठगे 7 लाख

## एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,04जनवरी।** सायबर अपराधियों द्वारा शिकार फांसने के लिए नित्य नए फंडे अपनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने चाचा ससुर बनकर एक महिला से सात लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

समाधिया कॉलोनी निवासी तमन्ना गंगवानी पत्नी ललित तिलोकानी ने जनकगंज थाने में शिकायत की है कि बीती 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे उसके मोबाइल नंबर पर फेसबुक मैसेज आया, जिसमें मैसेज करने वाले ने चाचा ससुर बनकर कहा कि 10,40,600 रुपए तुम्हारे खाते में आ जाएंगे, तुम दो दिन बाद अपना आधार कार्ड लगाकर यह रुपए निकाल लेना। इसके दो दिन बाद एक मैसेज आया जिसमें बैंक कर्मचारी बनकर कहा गया कि तुम्हारे खाते में पैसे आ गए है, जिन्हें तुम कल निकाल लेना। उसी दिन एक और कॉल करके एजेंट का नंबर का मोबाइल नंबर देते हुए कहा गया कि उक्त एजेंट से बात कर लो। कुछ देर बाद दिए गए नंबर से खुद ही कॉल आ गया, जिसमें कॉलर ने एजेंट बनकर बात करते हुए कहा कि तुम्हारे खाते में पैसे तो आ गए हैं,

फिर उसने एक खाता नंबर देकर उसमें पैसे डालने को कहा तो मैंने उक्त खाते में करीब सात लाख रुपए डाल दिए। इसके अगले दिन उन्होंने अपने जेठ जीतू को दुबई में कॉल लगाकर सारी घटना बताई तो उन्होंने बताया कि तुम्हारे साथ धोखाधड़ी हो गई है।

### बेटे के इलाज के लिए जोड़े थे पैसे

ठगी का पता लगने पर फरियादिया ने जब आए हुए नंबर पर कॉल लगाकर बात करने का प्रयास किया, तो वह स्विच ऑफ हो गया। पीड़िता के मुताबिक उसका बेटा बीमार है, उसके इलाज के लिए ही उसने यह सात लाख रुपए की रकम जैसे- तैसे जोड़ी थी, जिसे सायबर ठगों ने हड़प लिया, अब मेरे बेटे का इलाज कैसे होगा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 318 (4) व 319 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर उस तक पहुंचने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**इनका कहना है..**

साइबर अपराधियों ने चाचा ससुर बनकर महिला से सात लाख रुपए की ठगी की गई है। फरियादिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को जांच में ले लिया गया है।

**अतुल सोलंकी,**
**टीआई, जनकगंज**

# नाबालिग को अहमदाबाद ले गया युवक, दबिश दी तो भाग आया

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,04जनवरी।** मुरार थाना क्षेत्र के ग्राम खुरैरी से किशोरी को भगा कर ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने अहमदाबाद में दबिश दी, लेकिन इसकी भनक लग गई और वह ग्वालियर भाग आया। मुरार पुलिस ने उसे उस समय पकड़ लिया जब वह नए ठिकाने की तलाश कर रहा था।

खुरैरी गांव से नाबालिग बालिका गायब हो गई थी। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज हुई तो नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करने की जिम्मेदारी प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर को दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी मदद ली तो पता चला की लोकेशन अहमदाबाद में है। प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर टीम के साथ अहमदाबाद पहुंचे, लेकिन नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले युवक को इसकी भनक लग गई। युवक नाबालिग को लेकर वापस ग्वालियर आ गया। लेकिन मुरार पुलिस पहले से ही तैयार थी और जैसे ही आरोपी नए ठिकाने की तलाश के लिए निकला, पुलिस ने उसे दबोच लिया। नाबालिग बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपी का नाम मनोज कुशवाह निवासी गोहद जिला भिंड है।

### मंदिर दर्शन गई 16 वर्षीय किशोरी लापता

तलवार वाले हनुमानजी के दर्शन करने गई 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। हजीरा थाना पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। गदाईपुरा हजीरा क्षेत्र में रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी शनिवार को घर से कहकर निकली थी कि वह तलवार वाले हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करने जा रही है। सुबह निकली बेटी शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। घरवालों ने बेटी की सहेलियों से पूछताछ की, सगे सम्बंधियों को फोन लगाया, लेकिन कोई कुछ जानकारी नहीं दे सका। देर रात तक जब किशोरी का कुछ पता नहीं चला तो परिजन हजीरा थाने पहुंचे और मामला कायम कराया। पुलिस ने लापता किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

# कम राजस्व वसूलने वालों पर निगमायुक्त सख्त, दिया नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 04 जनवरी ।** तय टारगेट से कम राजस्व वसूली करने वाले कर संग्रहकों पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सख्त हो गए है। कम वसूली करने वाले विनियमित प्रभारी कर संग्रहक श्री आशीष सोन को नगर निगम आयुक्त ने नोटिस जारी कर 7 दिन में जबाव मांगा है, संतोषजनक जबाब नहीं पाए जाने पर विनियमित कर्मचारी को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जा सकती है। सम्पत्तिकर एवं राजस्व वसूली को बढ़ाने पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय लगातार जोर दे रहे हैं, राजस्व वसूली की समीक्षा में कम वसूली करने वाले कर संग्रहकों को नगर निगम आयुक्त ने नोटिस जारी कर कम वसूली का स्पष्टीकरण मांगा है।

# ग्वालियर हुआ गुलमर्ग, सूरज के दर्शन नहीं, कोहरे ने घेरा अंचल,जनजीवन पर असर

## बादलों की कैद में सूरज, ग्वालियर में हाड़ कंपाने वाली ठंड, ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक,स्कूलों में बढ़ी छुट्टी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,04जनवरी।**ग्वालियर-चंबल संभाग इन दिनों भीषण शीतलहर और घने कोहरे की दोहरी मार झेल रहा है। पिछले तीन दिनों से सूरज के दर्शन न होने के कारण अंचल में हाड़ कंपाने वाली ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग लगातार शहर में 'सीवियर कोल्ड डे' (अत्यधिक ठंडा दिन) की घोषणा कर रहा हैं,वही जिले में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

**कोहरे की चादर में लिपटी सड़कें, शून्य हुई विजिबिलिटी:** आज सुबह ग्वालियर में घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर 50 मीटर से भी कम रह गई। इसका सबसे ज्यादा असर परिवहन सेवाओं पर पड़ रहा हैं दिल्ली-भोपाल रेल मार्ग की प्रमुख ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 3 से 6 घंटे की देरी से चल रही हैं। नेशनल हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आए, चालकों को दिन में भी हेडलाइट और इंडिकेटर का सहारा लेना पड़ रहा है।

**घरों में बढ़ी गलन,बाजारों में सन्नाटा, अलाव ही सहारा:** भीषण ठंड के कारण शहर के प्रमुख बाजारों में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है। लोग खुद को गर्म रखने के लिए अलाव और हीटर का सहारा ले रहे हैं। आलम यह है कि बीते चार दिनों से बाहर बाजारों में भी नही घरों में भी गलन बढ़ी हुई हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया है। न्यूनतम तापमान 8एष्ट के आसपास बना हुआ है। धूप न निकलने के कारण कंक्रीट के घरों के भीतर भी गलन काफी बढ़ गई है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हवाओं में नमी बढ़ी है। अगले 24 से 48 घंटों में ग्वालियर और आसपास के जिलों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद आसमान साफ होते ही बर्फीली हवाएं ठंड में और इजाफा करेंगी।



### सर्द हवा से और गिरेगा तापमान

हिमालय में जबरदस्त बर्फबारी शुरू हो चुकी है, पहाड़ी इलाकों में तापमान माइनस से नीचे चल रहा है। हिमालय से आने वाली हवा से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है, कई जगहों पर जबरदस्त कोहरे ने गलन पैदा करने वाली ठंड को बढ़ा दिया है। ग्वालियर में हवा में नमी की मात्रा कम होने से अभी गलन पैदा करने वाली ठंड महसूस नहीं हो रही है।

### कक्षा 8 वीं तक के छात्रों का कल तक रहेगा अवकाश

अत्यधिक ठंड व शीत लहर को ध्यान में रखकर जिले के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में कक्षा 8 वीं तक के छात्रों का 6 जनवरी तक अवकाश रहेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने यह आदेश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आदेश अत्यधिक ठंड की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर जारी किया गया है। यह आदेश ग्वालियर जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई से संबद्ध सभी शासकीय एवं अशासकीय व शासन से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।



# जनभागीदारी की मदद से वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

## 2 बाल अपचारी गिरफ्तार, 8 बाइक बरामद

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 04जनवरी।** मुरार थाना पुलिस ने वाहन चोरी के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल की है। जनभागीदारी के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। इनके कब्जे से चोरी की कुल 8 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

**चोरी का तरीका और बरामदगी:**गहन पूछताछ के बाद बाल अपचारियों ने अन्य वारदातों का भी खुलासा किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने कुल 8 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिसमें मुरार की (06), बिजौली (01) और शिवपुरी कोतवाली (01) क्षेत्र से चोरी किए गए थे।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

पुलिस के अनुसार, जडेरुआ बंधा पार्क के पास से 26 दिसंबर 2025 को चोरी हुई हीरो स्प्लेंडर ) की जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में जनभागीदारी से लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। फुटेज में दो लड़के चोरी की बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने हुलिए के आधार पर घेराबंदी शुरू की। मुरार थाना प्रभारी निरीक्षक मैना पटेल को सूचना मिली कि दो संदिग्ध लड़के लाल टिपारा रोड पर खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दोनों बाल अपचारियों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने जडेरुआ बंधा पार्क से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की।

# घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवर ले गए चोर

## भाई के घर निमंत्रण में गई थी महिला, सोने,चांदी के आभूषण पार, मोतीझील की घटना

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 04 जनवरी।** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के गोकुल विहार कॉलोनी में सूने घर में चोरी हो गई। वारदात के समय महिला अपने भाई के घर निमंत्रण पर गई थी, जबकि उसका पति बाहर था। अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी व बेड में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी किए और निकल भागे।

महिला जब भाई के घर से वापस आई तब घटना का पता चला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। उर्मिला गोस्वामी पत्नी सिंदोले गोस्वामी निवासी गोकुल विहार कॉलोनी भट्टा वाली पहाड़िया कृष्णा नगर मोतीझील अपने भाई के घर गई थी। उर्मिला ने भाई के घर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात में वापस जाने की बात कही। रात ज्यादा हो गई थी, इसलिए उर्मिला के भाई ने कहा कि वह सुबह चली जाए। भाई की बात मानकर उर्मिला रात को वहीं रुक गई। 2 जनवरी को जब वह वापस आई तो देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। अंदर पहुंची तो कमरे व अलमारी के ताले टूटे हुए थे, तथा पूरा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर उर्मिला के घर में रखी अलमारी व बेड में से सोने की झुमकी, चांदी की पायल, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र तथा 8 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। उर्मिला ने घर में चोरी होने की जानकारी पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की।

**गृह स्वामी गए भागवत सुनने, सामान समेट ले गए चोर** :पुराने बहोड़ापुर थाने के सामने स्थित लक्ष्मीपुरम कॉलोनी में सूने घर में चोरी हो गई। गृहस्वामी भागवत कथा सुनने गए थे, और परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कार्यों से बाहर थे। सूना घर देखकर चोरों ने ताले तोड़े और घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा कटोरी, गिलास चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है।

रामचंद्र प्रकास्ते निवासी ई-44 लक्ष्मीपुरम कॉलोनी में रहते हैं। रामचंद्र प्रकास्ते भागवत कथा में गए थे। घर में कोई नहीं था इसलिए उन्होंने ताला लगाया और भागवत कथा में चले गए। कथा सुनकर जब वापस आए और घर की हालत देखी तो समझ गए कि चोर अपना काम कर गए हैं। घर में रखा सामान जांचा तो पता चला कि दो मंगलसूत्र, चार चूड़ी सोने की, एक चेन, गिलास तथा कटोरी गायब हैं। रामचंद्र प्रकास्ते ने घर में चोरी होने की बात अपने परिजनों को बताई। परिजन बीते रोज घर आए और शाम को बहोड़ापुर थाने पहुंचे और पुलिस को चोरी होने की जानकारी दी। पुलिस ने रामचंद्र प्रकास्ते की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। टीआई आलोक सिंह परिहार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और एक टीम को जांच में लगाया गया है। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाए जा रहे हैं और मुखबिरों को सक्रिय किया गया है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे और वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### कहीं नहीं हैं सीसीटीवी

चोरी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब आस-पास सीसीटीवी तलाशे तो पता चला कि कहीं भी सीसीटीवी नहीं लगे हैं। इसलिए पुलिस ने लोकल मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया है, जिससे चोरों के बारे में कुछ पता चल सके।

# अपर आयुक्त ने किया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 04 जनवरी।** अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर द्वारा रविवार को जलालपुर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तथा प्लांट पर पेयजल के ट्रीटमेंट एवं पानी के सैंपल की जांच करने की व्यवस्था को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शहर के नागरिकों को शुद्ध सुरक्षित एवं निर्बाध उपलब्ध कराने को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देश पर निगम के सभी अधिकारी निरंतर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं क्षेत्र में जाकर जल सप्लाई की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत रविवार को अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर द्वारा जलालपुर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन स्कूल संचालकों के साथ : अवधेश

## निर्देश कार्यवाहक अध्यक्ष व स्मिता बनी महिला विंग की जिला अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,04जनवरी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रदेश मे अपने सदस्यों की शक्ति के कारण आज खड़ा और प्रत्येक कार्यकर्त्ता के बल पर मजबूत है। संगठन भी स्कूल संचालको के सामने आई मान्यता व अन्य कठनाईयों को शिक्षा विभाग के सामने अपना पक्ष रख कर सुलझाने में सक्षम है। यह बात आज प्री सैनिक स्कूल में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुऐ चुनाव प्रभारी एवं भिंड जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने मुख्य अथिति की आसन्दी से कही।

उन्होंने उपस्थित स्कूल संचालको से कहा कि संगठन सभी संचालको की हर समस्या को हल करने को सक्षम, ओर साथ है। कोइ भी सदस्य संगठन के विरुद्ध कार्य या व्यर्थ की टिपणी करेगा उसे बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। उन्होंने सगठन से अन्य स्कूल संचालको को जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो भी गतिविधियां, आंदोलन,ज्ञापन देने के लिए कहा जाये सभी लोग ज्यादा से ज्यादा एकत्रित हो जिससे शासन से अपनी बात मनाने को बाध्य किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने जिला ग्वालियर पी एस ए कार्यवाहक अध्यक्ष गायत्री स्कूल के संचालक निर्देश शर्मा एवं महिला बिंग की जिला अध्यक्ष संजय स्मृति स्कूल की संचालिका श्रीमती स्मिता दुबे के नामो की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पी एस ए मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा की संगठन को मजबूती के लिए सेवा, अनुशासन, समर्पण, निष्ठा भाव होना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि नवनियुक्त प्रदेश सचिव दतिया से आये संतोष उपाध्याय ने कहा कि पद तो आते जाते है! मै आज आपके सामने सेवक के तौर पर उपस्थित हु!संगठन को मजबूत करना हम सब की जिम्मेदारी है। भिंड से आये कुलदीप भदौरिया ने कहा कि संगठन से जुड़ना बहुत जरूरी है क्योंकि अकेले को हर कोई डराता है, साथ रहने और जुड़े रहने से सामने वाले की हिम्मत नहीं होंगी।

पी एस ए संभाग ग्वालियर के सचिव रणवीर सिंह यादव ने सभी सदस्यों से एकजुट हो कर काम करने की बात कही। आभार प्रदर्शन धर्मेंद्र गायकवाड ने किया। इस अवसर पर संगठन प्रभारी श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती कल्पना घोष, श्रीमती स्मिता दुबे, दिनेश त्रिपाठी, जगमोहन सिंह, उदयप्रताप, सुरेश गुर्जर, राजेश, दीपक मल्होत्रा, रामवीर सिंह, विवेक पटसारिया, प्रदीप, अजय कुमार दीक्षित, वरुण दुबे भगवती चरण, अरविन्द केन पी एस ए संभाग ग्वालियर प्रवक्ता रवि कांत दुबे सहित अनेक स्कूल संचालक उपस्थित थे।

# किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों ने पाठक से की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,04 जनवरी।** दक्षिण विधानसभा के नवनियुक्त किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों ने रविवार को पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक से मुलाकात कर स्वागत किया। राम मंदिर ब्लॉक के अध्यक्ष सुनील कुशवाह, गोल पहाड़िया रामेश्वर यादव, हेमू कालानी विकास खरे, कंपू हरेंद्र बघेल और माधवगंज के देवदत्त दुबे के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए रैली के रूप में प्रवीण पाठक के निवास पर पहुंचे। सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना की, फिर पूर्व विधायक पाठक का माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर पाठक ने कहा कि सभी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को सशक्त मंच मिलेगा। उनकी आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी। साथ ही पार्टी संगठन भी जमीनी स्तर पर सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर पिंकी पंडित, लक्ष्मी माथुर, कुलदीप व्यास, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, हरी जाटव, पल्लव शर्मा, मुकेश धाकड़, जंगबहादुर सिंह चौहान, मोनू भटनागर, कपिल पाल, ईशु शर्मा, रिंकू कुशवाह, अरविंद राठौर, विष्णु जायसवाल, सब्बार खान, अजय धौलपुरिया आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। बीते रोज किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने देर रात सभी ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की।



# विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**ग्वालियर।** सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत आज रविवार दोपहर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नाग देवता मंदिर से प्रारंभ होकर एसएलबी कॉलेज स्थित रॉयल ग्राउंड पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में भारत माता की झांकी रथ पर सवार रही, वहीं महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए चल रही थीं। यात्रा के दौरान पुरुष भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। इस कलश यात्रा में लगभग पाँच सौ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

# अनेक स्थानों से कराई गई पानी की सैंपलिंग, जांच रिपोर्ट मिली सही

**ग्वालियर 04 जनवरी।** गंदे पानी की शिकायत को लेकर लगातार गंभीर नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में पानी की निरंतर सैंपलिंग कराई जा रही है जिसके तहत आज शनिवार को शहर की विभिन्न टंकियां एवं अन्य स्थानों से पेयजल की सैंपलिंग कराई गई तथा जांच रिपोर्ट में सभी स्थलों पर पानी की रिपोर्ट अच्छी प्राप्त हुई। सहायक यंत्री शिशिर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर जलप्रदाय की मॉनिटरिंग एवं पानी की सैंपलिंग कराई जा रही है ।

# क्षेत्र का विकास व प्रगति मेरा लक्ष्य : डॉ . सिकरवार



## वार्ड 18 में सी.सी. रोड निर्माण के लिये किया भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 4 जनवरी।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने क्षेत्रीय पार्षद रेखा त्रिपाठी के साथ दंडोतिया मार्केट से सरकार गार्डन तक करीब 32 लाख रूपये से बनने वाली सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिये भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र का विकास व प्रगति मेरा लक्ष्य है और जन आकांक्षाओं को दृष्टिगत् रखते हुये विकास कार्यों को गति देने का काम किया जा रहा है। इस वर्ष हुई भारी वर्षा के कारण यह सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, क्षेत्र के नागरिक सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। जनता की मांग को देखते हुये आज सड़क निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया है। हम क्षेत्र के समग्र विकास के लिये कृत संक्लपित है और इस दिशा में जन भावनाओं के अनुरूप काम को तेजी से गति दे रहे है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश तोमर, सागरनाती, कल्लू तोमर, जहान सिंह तोमर, रामबाबू श्रीवास, मोनू भदौरिया, धर्मराज तोमर, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# डॉ . वैभव खरे प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 4 जनवरी।** राज्य स्तरीय रेडियोलॉजी सम्मेलन में डॉ. वैभव खरे, निदेशक भूमि डायग्नोस्टिक्स, को इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन (IRIA) के अध्यक्ष द्वारा प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंदौर स्थित प्रतिष्ठित सायाजी होटल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया।




डॉ. वैभव खरे को यह सम्मान रेडियोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक इमेजिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग तथा सटीक और विश्वसनीय जांच सेवाओं के लिए दिया गया। इससे पूर्व वर्ष 2020 में उन्हें एंटरप्रेन्योर एजुकेशन इनोवेशन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है, जो चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, शिक्षा और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की पहचान है। डॉ. खरे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी एक जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी पुस्तक AIIMS PG Review, जो CBS Publishers द्वारा प्रकाशित है, का लेखन किया है। इसके अतिरिक्त, DNB CET Review नामक पुस्तक, जो Kalam Books द्वारा प्रकाशित है, भी उनके शैक्षणिक योगदान का महत्वपूर्ण उदाहरण है। ये दोनों पुस्तकें देशभर में मेडिकल विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शक मानी जाती हैं। डॉ. खरे के नेतृत्व में भूमि डायग्नोस्टिक्स न केवल उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि फिटल मेडिसिन और फिटल इंटरवेंशन के क्षेत्र में प्रशिक्षण को भी नई दिशा दे रहा है। भूमि डायग्नोस्टिक्स द्वारा One Learning Academy के सहयोग से एक विशेष फिटल इंटरवेंशन ट्रेनिंग अकादमी संचालित की जा रही है, जहाँ देश-भर के रेडियोलॉजिस्ट एवं चिकित्सकों को आधुनिक फिटल प्रोसीजर्स, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग एवं क्लिनिकल एक्सपोज़र प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में भूमि डायग्नोस्टिक्स की सेवाएं BHUMI Diagnostic Plus, अस्पताल रोड, ग्वालियर, Bhumi Diagnostics, अलकापुरी सिटी सेंटर, ग्वालियर, Bhumi Diagnostics, डबरा शाखा के माध्यम से आमजन को उन्नत, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. खरे ने कहा कि यह उपलब्धि उनकी पूरी टीम के समर्पण, परिश्रम और मरीजों के विश्वास का परिणाम है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95